**प्रेसविज्ञप्ति/PRESS RELEASE** **26.10.2023**

## 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही/छमाही के वित्तीय परिणाम

बैंक का वैश्विक कारोबार **रु.11.33 लाख करोड़** के पार
निवल लाभ में 62**%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि, परिचालन लाभ में **19%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि

### मुख्य बातें (सितंबर 2022 के सापेक्ष सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही)

- सितंबर 2022 में **रु.1225 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में, निवल लाभ 62% वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु.1988 करोड़** रहा।
- सितंबर 2022 में **रु.1571 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **कर लगाने के पूर्व लाभ** वर्ष-दर-वर्ष **75%** बढ़कर **रु.2752 करोड़** रहा।
- सितंबर 2022 में रु.**3629 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में, **परिचालन लाभ 19%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर रु.**4303 करोड़** रहा।
- सितंबर 2022 में **रु.4684 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में, **निवल ब्याज आय 23%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु.5741 करोड़** रही।
- सितंबर 2022 में **रु.723 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **फीस आधारित आय 11%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु.805 करोड़** हो गई।
- **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन**, सितंबर 2022 में **3.20%** के सापेक्ष सितंबर 2023 में बढ़कर **3.52%** हो गया।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** सितंबर 2022 में **0.71%** के सापेक्ष सितंबर 2023 में बढ़कर **1.06%** हो गया।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** सितंबर 2022 में **13.83%** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **607 बीपीएस** बढ़कर **19.90%** हो गया।
- **आय-लागत अनुपात** सितंबर 2022 में **44.27%** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **44.36%** रहा।
- सितंबर 2022 में **रु.1026801 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **कुल कारोबार**, वर्ष-दर-वर्ष **10%** की वृद्धि दर्ज करते हुए **रु.1133091 करोड़** हो गया।
- सितंबर 2022 में **रु.437941 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में, **अग्रिम 12%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु.492288 करोड़** रहा।
- सितंबर 2022 में **रु.255256 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **रैम** (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम **12%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु.285891 करोड़** हो गया।

- सकल घरेलू अग्रिमों में खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (RAM) का योगदान 62% है। खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 14%, 16% एवं 5% की वृद्धि हुई।
- **आवास ऋण (बंधक सहित)** में **13%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि, **ऑटो-ऋण** में **36%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि और **वैयक्तिक ऋण** में **49%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।
- सितंबर 2023 में **जमाएँ** वर्ष-दर-वर्ष **9%** बढ़कर **रु.640803 करोड़** रही।
- सितंबर 2023 वर्ष-दर-वर्ष **कासा** में वर्ष-दर-वर्ष **7%**, बचत बैंक में **8%** की वृद्धि हुई **कासा** का शेयर **40%** रहा।
- सितंबर 2022 के दौरान **7.30%** के सापेक्ष, सितंबर 2023 में सकल **गैर निष्पादक आस्तियों** में वर्ष-दर-वर्ष **233 बीपीएस** की कमी आने से यह **4.97%** रही, **निवल गैर निष्पादक आस्तियों** में सितंबर 2022 के दौरान **1.50%** के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष **90 बीपीएस** की कमी आने से यह **0.60%** रही।
- सितंबर 2022 में **91.08%** के सापेक्ष, **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, टीडबल्यूओ सहित)** में वर्ष-दर-वर्ष **456 बीपीएस** वृद्धि होने से यह **95.64%** रहा।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15.53% रहा। सीईटी-I एवं टियर I पूंजी क्रमश: 12.07% एवं 12.63% रहे।

## मुख्य बातें (जून 2023 के सापेक्ष सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही)

- जून 2023 में **रु.1709 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **निवल लाभ** तिमाही-दर-तिमाही **16%** बढ़कर **रु.1988 करोड़** हो गया।
- जून 2023 में **रु.2394 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **कर लगाने के पूर्व लाभ** तिमाही-दर-तिमाही **15%** बढ़कर **रु.2752 करोड़** रहा।
- जून 2023 में **रु.4135 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में 4% बढ़कर **परिचालन लाभ रु.4303 करोड़** हो गया।
- जून 2023 में **रु.5703 करोड़** के सापेक्ष सितंबर 2023 में **निवल ब्याज आय रु.5741 करोड़** रही।
- सितंबर 2023 में **आस्तियों पर प्रतिलाभ (ROA)** तिमाही-दर-तिमाही **11 बीपीएस** बढ़कर **1.06%** रहा।
- सितंबर 2023 में **इक्विटी पर प्रतिलाभ (ROE)** तिमाही-दर-तिमाही बढ़कर **202 बीपीएस** बढ़कर **19.90%** रहा।
- सितंबर 2023 के दौरान **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र पोर्टफोलियो**, **रु.164341 करोड़** रहा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की **40%** की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष **42.83%** है।

## मुख्य बातें ( सितंबर 2022 के सापेक्ष सितंबर 2023 को समाप्त छमाही)

- वित्तीय वर्ष 23 प्रथम छमाही में **रु.2439 करोड़** के सापेक्ष, **निवल लाभ 52%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर वित्तीय वर्ष 24 प्रथम छमाही में **रु.3697 करोड़** रहा।
- वित्तीय वर्ष 23 प्रथम छमाही में **रु.2917 करोड़** के सापेक्ष में **कर लगाने के पूर्व लाभ** वर्ष-दर-वर्ष **76%** बढ़कर **रु.5146 करोड़** रहा।
- वित्तीय वर्ष 24 प्रथम छमाही में **रु.7194 करोड़** के सापेक्ष **17%** बढ़कर **परिचालन लाभ रु.8437 करोड़** हो गया।
- वित्तीय वर्ष 24 प्रथम छमाही में **रु.9218 करोड़** के सापेक्ष **24%** बढ़कर **निवल ब्याज आय रु.11444 करोड़** रही।
- वित्तीय वर्ष 23 प्रथम छमाही में **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन**, **3.15%** के सापेक्ष **42 बीपीएस** बढ़कर **3.57%** हो गया।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) 0.72%** के सापेक्ष **29 बीपीएस** बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 प्रथम छमाही में बढ़कर **1.01%** हो गया।
- वित्तीय वर्ष 23 प्रथम छमाही में **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) 14.00%** के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 23 प्रथम छमाही में **490 बीपीएस** बढ़कर **18.90%** हो गया।
- **आय-लागत अनुपात 43.14%** के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 23 प्रथम छमाही में **44.29%** रहा।

### नेटवर्क

- बैंक की 3 डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) सहित **5819** शाखाएँ हैं जिनमें से **1974** ग्रामीण शाखाएँ हैं, **1522** अर्ध-शहरी शाखाएँ हैं, **1174** शहरी शाखाएँ हैं एवं **1149** मेट्रो शाखाएँ हैं। बैंक की **3** ओवरसीज़ विदेशी शाखाएँ एवं **1** आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) है।
- बैंक के **4866** एटीएम व बीएनए हैं एवं कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी) की संख्या **10825** हैं।

### डिजिटल बैंकिंग

- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं में वर्ष दर वर्ष **47%** की वृद्धि हुई।
- यूपीआई उपयोगकर्ताओं और लेनदेन में क्रमशः वर्ष दर वर्ष **34%** और **65%** की वृद्धि हुई।
- बैंक ने अपने डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन कार्यक्रम के तहत 63 डिजिटल प्रक्रियाओं की शुरुआत की है।
- डिजिटल चैनलों के माध्यम से अब **86%** लेन-देन हो चुका है ।

### हमारा फोकस

इंडियन बैंक रणनीतिक रूप से कारोबार का विस्तार कर रहा है और वित्त वर्ष 24 में 10-12% ऋण वृद्धि का लक्ष्य रखते हुए खुदरा, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों पर प्रमुख जोर दिया जाएगा।

डिजिटल बैंकिंग को अपना मुख्य केंद्र मानते हुए, हम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए वित्तीय विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। निरंतर नवीनीकरण के माध्यम से, हम त्वरित और सुविधाजनक बैंकिंग को सक्षम करते हुए प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

समग्र संगठनात्मक विकास के लिए, बैंक लैंगिक विविधता, कौशल समावेशन और कर्मचारियों को नेतृत्व के लिए तैयार करने को बढ़ावा दे रहा है। हमारी टीम उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से परेशानी मुक्त बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए ग्राहकों से जुड़ी हुई है।